

प्रिय देशवासियों,

अब मैं 81 वर्ष का हो गया हूँ। और पिछले 61 वर्ष से लगातार कार्य कर रहा हूँ। मैंने सन् 1950 में Roorkee University से Civil Engineering में Diploma करके U.P. सिंचाई विभाग में नौकरी की। घटनाक्रम कुछ ऐसा बना कि First Five Year Plan में उत्तर प्रदेश में Betwa नदी पर Mata Tila Dam बनाने की स्वीकृति मिली और मुझे विभाग की ओर से इस पर कार्य करने का अवसर मिला। पूरे 7 वर्ष, Survey से लेकर Completion तक Dam पर मैंने कार्य किया। उस अनुभव से स्वयं में Infrastructure के कार्य करने का विश्वास जागा व नौकरी से इस्तीफा दिया। तब से (सन् 1958) अब तक पूरे 54 वर्षों में, Greenfield Infrastructure बनाने की आदत बन गई। बड़ा भाग्यशाली हूँ कि इन कार्यों को करने के लिये, छः young entrepreneurs, बहनोई, भाई व हमारी अगली पीढ़ी के 90% से अधिक युवाओं ने Jaypee Group को चलाने में अपना पूरा जीवन लगाया व आज भी लगा रखा है। आजादी मिलने के बाद से आजतक भारत की हर दिशा में प्रगति होते हुये देखी व सौभाग्य से मेरे Group ने इस में अपनी क्षमता के अनुसार actively participate किया।

## आज की तारीख में हमारी इकाइयों का उत्पादन निम्नानुसार है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. सीमेंट की उत्पादन क्षमता | 32 मिलियन टन प्रतिवर्ष | | |
| 2. Hydropower | 1700 MW | | |
| 3. (i) Thermal Captive Power | 600 MW | | |
| (ii) Thermal Power Plants (निर्माणाधीन) | 3700 MW | – | जिनमें 2012 से 2014 तक |
| | 6000 MW | | बिजली बनना शुरू हो जायेगी। |

4. ग्रुप में 27,000 Officers, Workers एवं 60,000 skilled, semiskilled and unskilled manpower, सभी Projects पर कार्यरत हैं।

## पिछले 54 वर्षों में Jaypee Group को जो भी सफलता मिली है उसके मुख्य कारण यह रहे:–

1. हमारी प्रजातंत्र में पूरी आस्था है। हमारी कार्यप्रणाली भी प्रजातांत्रिक रही है। हमारे साथ सभी प्रान्तों व समुदायों के लोग कार्य कर रहे हैं।
2. वर्षों से workers का हित सर्वोपरि रखा गया है। हमने अपने workers की पूरी तरह से देखभाल की है व कर रहे हैं। हमारी जितनी भी Project Sites पर, सन् 1958 से हर वो स्थान जहाँ अबतक, कार्य हुआ है वहाँ सदैव अपने workers व आसपास के लोगों का विशेष ध्यान रखा है और उन Project Sites से लगे गांवों में free medical aid उपलब्ध कराई।
3. सन् 1969 से लेकर अब तक जहाँ–जहाँ कार्य हुए हैं वहाँ–वहाँ regular workers, officers, skilled, semiskilled और unskilled workers के भोजन का प्रबन्ध कर रखा है और ग्रुप ने इस व्यवस्था को **अन्नपूर्णा** नाम से चलाया।
4. ग्रुप के पूरे कार्यकाल में जितना भी पैसा अर्जित किया उसका 90% से अधिक ग्रुप के कार्यों में ही लगाते रहे।
5. मेरा जन्म Bulandshahr जिले में Chitta Mukkimpur गांव में हुआ जहाँ 4000 बच्चों के पढ़ाने का प्रबन्ध हो रहा है।
6. जहाँ मैंने अपनी अधिकांश शिक्षा पाई, जो Bulandshahr जिले की Anoopshahr Tehsil में हुई, वहाँ सन् 1987 से अब तक 6,000 बच्चों की शिक्षा का प्रबन्ध विभिन्न trusts द्वारा हो रहा है।
7. वर्तमान में सभी sites पर poorest of the poor बच्चों को free of cost education दी जा रही है व Midday meal free of cost दिया जाता है, लगभग 10,000 बच्चों को यह सुविधा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त sites पर 20,000 बच्चों का English Medium School स्थापित हैं व 3 Universities बनाकर शिक्षा का प्रबन्ध किया हुआ है।
8. **आज का यह दिन हमारे ग्रुप के लिये बहुत महत्वपूर्ण है जहाँ हम भविष्य के लिए यह निर्णय लेने जा रहे हैं कि:**
   a. नोएडा से आगरा के बीच 4 स्थानों पर Yamuna Expressway Social Upliftment Trust के तत्वाधान में 3 वर्षों के अन्दर समूह द्वारा वहाँ के लोगों के लिये निम्न सुविधाओं का निर्माण किया जायेगा।
      i. 100 Bed का अस्पताल
      ii. 2000 छात्रों के लिये अंग्रेजी माध्यम का स्कूल
      iii. 1000 छात्रों के लिये वोकेशनल ट्रेनिंग संस्थान

      मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि समाज की सबसे बड़ी सेवा एक अच्छे स्तर की शिक्षा प्रदान करके ही की जा सकती है। Yamuna Expressway Social Upliftment Trust के लिये धन की व्यवस्था M/s Jaypee Infratech Limited द्वारा अर्जित लाभ (भारत सरकार द्वारा Corporate Social Responsibility के लिये वांछित प्रावधानों के अर्न्तगत) तथा जयप्रकाश गौड़ के शेयरों द्वारा अर्जित आय से की जायेगी। इस प्रकार से अर्जित आय का उपयोग Para 9 व Para 10 के अर्न्तगत किया जायेगा।
   b. ये विचार इस Group के Project शुरू होने के समय से थे परन्तु कार्य शुरू करने के समय इसलिये नहीं कहा गया कि सम्बन्धित गांवों के व्यक्ति यह न समझें कि ग्रुप जमीन लेने के बदले ऐसे वायदे कर रहा है। आज expressway तैयार हो गया है तो यह निर्णय हम आसानी से ले पा रहे हैं और गांवों से सम्बन्धित पुरूषों एवं महिलाओं को बताना चाह रहे हैं।
9. ग्रामवासियों, जिन्होंने इस Project पर या तो Expressway निर्माण हेतु या फिर 6 Land Parcels के Development हेतु जमीन दी है, उनमें से Poorest of Poor को free education एवं free medical aid दी जायेगी तथा उस भूमि से संबन्धित व्यक्तियों के परिवार में Poorest of Poor लड़कियों के विवाह का व्यय भी वहन किया जायेगा।
10. इस भूमि से संबन्धित व्यक्तियों के परिवार में जिन नवयुवकों को नौकरी नहीं मिल रही है उनको No Profit No Loss basis पर Vocational Training Centre द्वारा व्यवसाय परक शिक्षा प्रदान की जायेगी जिससे उन्हें नौकरी मिलने में आसानी हो।
11. a) उपरोक्त para 10 से संबन्धित सुविधायें भूमि प्रदान करने वाले व्यक्ति या उसके आगे की एक पीढ़ी तक ही सीमित होगी।
    b) इस के साथ–साथ Noida, Agra एवं Chitta (Bulandshahr) में hospitals भी स्थापित होंगे जिनमें 1500 beds होंगे।
    c) मेरे पैतृक गांव चिट्टा मुकीमपुर में भी यह योजना लागू की जायेगी।
12. ट्रस्ट के इन कार्यों के लिये धन के सदुपयोग तथा सुनियोजित प्रबन्धन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी श्री मनोज गौड़ की होगी जो अपने भाई, बहनों, Cousins व विश्वस्त सहयोगियों की सहायता से Committee के द्वारा इस कार्य को क्रियान्वित करेंगे जिससे इस प्रकार का लाभ अविरल रूप से मिलता रहे।

**यही हमारा संकल्प है। मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि विविधता में एकता रखने वाले हमारी असीमित क्षमता वाले देश का प्रभु कृपा से चहुँमुखी विकास इस शताब्दी के अगले तीन दशकों में निश्चित है। हमारा यह प्रयास देश के विकास में एक लघु योगदान है जो ध्रुव तारे की तरह अटल रहेगा।**

**जय हिन्द !**

**जयप्रकाश गौड़**
संस्थापक, जेपी ग्रुप



Gateway of 165 km Yamuna Expressway, Greater Noida to Agra

## पिछले 54 वर्षों (1958 से 2012) में Jaypee Group ने देश के 18 राज्यों, Bhutan एवं Iraq में विभिन्न Projects पर कार्य किया है जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण projects निम्नवत हैं।

### 1. राजस्थान

मेरे Group का पहला कार्य कोटा में गांधी सागर बाँध की Canal पर 4 पुल, 1 Siphon एवं एक Fall बनाया।

### 2. मध्य प्रदेश

1. Sabalgarh – 4 Siphon व एक Aqueduct
2. Bina से Katni Railway Line में Five Zones पूरे किये।
3. 1962 में मोरबा में Railway yard का कार्य किया।
4. ब्योहारी में Railway yard का कार्य किया।
5. 1960-1963 में Vishakhapatnam (Andhra Pradesh) से Bastar (Chhatisgarh) में DBK Railway line में कार्य किया।
6. Bodhghat Project (Bastar) पर कार्य किया।
7. नर्मदा नदी पर Indira Sagar 1000 MW का Project पूरा किया। जहाँ बिजली पैदा हो रही है।
8. Omkareshwar Hydro Power Project, 520 MW, EPC Contract पूरा किया। बिजली का उत्पादन हो रहा है।
9. Rewa Cement Plant में Cement का उत्पादन 1986 से हो रहा है।
10. Rewa में सन् 2011 में Soya व Mustard Oil का माँ शारदा के नाम से उत्पादन शुरू हो गया है।
11. Sidhi Cement Plant में Cement का उत्पादन 2009 से हो रहा है।
12. Satna Cement Plant में Cement का उत्पादन 2010 से हो रहा है।

12a. Nigrie Thermal Power Plant, 1320 MW पर कार्य चल रहा है।

14. Bina Thermal Power Plant, 500 MW पर कार्य चल रहा है।

### 3. जम्मू एवं कश्मीर

**1969 से आज तक जम्मू व कश्मीर में Jaypee Group कार्य कर रहा है।**

1. 1969 से 1971 पठानकोट से जम्मू रेलवे लाइन में Three Zones पूरे किये।
2. 1971 से 1976 Salal Dam पर कार्य किया।
3. 1997 से 2006 Dulhasti Hydro Project पूरा किया, जिसमें बिजली का उत्पादन हो रहा है।
4. Baglihar Hydro Project, 450 MW पूरा किया जिस में बिजली का उत्पादन हो रहा है तथा Baglihar में additional 450 MW बिजली पैदा करने के लिये 2nd Head Race Tunnel व additional Power House पर कार्य चल रहा है।

### 4. उत्तराखण्ड

1. 1974 से 1978 Rishikesh Barrage व शुरू की 2 Km power channel का कार्य किया ।
2. 1982 से 1990 Lakhwar Dam और Vyasi Dam on River Yamuna. जितना कार्य सरकार ने कराया हमने पूरा किया।
3. 1987 में Khara Project (Near Dehradun) – Canal का जो कार्य मिला हमने उसे पूरा किया।
4. Tehri Rockfill Dam व Spillway पूरा किया।
5. निजी क्षेत्र में Vishnuprayag Hydro Project 400 MW स्थापित किया जहाँ बिजली का उत्पादन हो रहा है।
6. मसूरी में 5 star Hotel बनाया जो operation में है।
7. Roorkee में Cement Plant लगाया जहाँ Cement बना रहे हैं।

### 5. हरियाणा

पानीपत में Cement Plant लगाया।

### 6. हिमाचल प्रदेश

1. Chamera-I का Concrete Dam पूरा किया।
2. Chamera-II का EPC Contract पूरा किया जिसमें Dam, Tunnel व Powerhouse बनाये।
3. Jhakri, 1500 MW का Powerhouse बनाया
4. Baspa, 300 MW निजी क्षेत्र में Hydro Power Project से बिजली generate हो रही है।
5. Karcham Wangtoo, 1000 MW निजी क्षेत्र में Hydro Power Project स्थापित किया जिससे बिजली का उत्पादन हो रहा है।
6. Baga-Bagheri में Cement Plants लगाये हैं व cement बना रहे हैं।
7. 217 km लम्बी 400 kV D/C, वांगटू से अबदुल्लापुर तक की High Altitude Transmission Line, PGCIL के साथ joint venture में फरवरी 2012 से प्रारम्भ हुई।

### 7. पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश

1. Chandigarh में MSW Plant लगा है।
2. NHAI द्वारा Zirakpur – Parwanoo Expressway का कार्य मिला। March 2012 में Traffic के लिये खोल रहे हैं।

### 8. दिल्ली

दिल्ली में दो पांच सितारा होटल operation में हैं

### 9. आंध्र प्रदेश

1. 42 Km Long 12 Meter Dia की Tunnel बना रहे हैं जिसमें 14 Km Tunnel बन चुकी है। यह Irrigation का कार्य है। इसे Site पर देखने के बाद ही अनुभव होगा कि कार्य कितना कठिन है। 42 Km लम्बी Tunnel में कोई भी Extra Adit नहीं है।
2. दो Cement Plants पर कार्य चल रहा है।

### 10. कर्नाटक

1. Kudremukh में 1977 से 1980 तक Dam बनाया व फिर दोबारा इस Dam की ऊंचाई बढ़ाई।
2. एक Cement Plant पर कार्य चल रहा है।

### 11. गुजरात

1. 1965 में Rann of Kutch में Border Road बनाई।
2. 1969 से 1975 Ukai Dam पर कार्य किया, Vyara के पास 8 Km Canal पूरी की।
3. Sardar Sarovar Dam पर 68 Lac Cubic Meter Concrete डाल चुके हैं।
4. Saddle Dam पूरा किया।
5. 1400 MW का Power House बनाया।
6. Karjan Dam बनाया।
7. Rann of Kutch (Sewagram) में Cement का Plant लगाया जो उत्पादन कर रहा है।
8. Wanakbori, गोदरा में Cement बना रहे है।

### 12. आसाम

ब्रह्मपुत्र नदी पर एक साल के अन्दर Guide Bund बनाया।

### 12a. सिक्किम

Teesta नदी पर 600 MW Teesta Hydro Project पूरा किया। जहाँ बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### 14. उत्तर प्रदेश

1. 1967 में Dhampur - Rampur परियोजना की Main Canal का कार्य किया।
2. 2000-01 Sadva, Near Allahabad Cement Plant व AC Sheeting Plant लगाया व उत्पादन हो रहा है।
3. 2002 Tanda में Cement Plant लगाया व Cement का उत्पादन हो रहा है।
4. Dalla, Churk व Chunar Cement Plants का जीणोर्द्वार कर चला रहे हैं।
5. Sikandrabad में Cement Plant बनाया एवं उत्पादन हो रहा है।
6. Yamuna Expressway 165 कि0मी0 ग्रेटर नोयडा से आगरा तक पूरी होने जा रही है। April 2012 में Expressway Traffic के लिये खुल जायेगी।
7. Bara (Allahabad, UP) 2000 MW Thermal Power Project पर कार्य चल रहा है।
8. Seven Integrated Towns – One in Greater Noida, One around F-1 Race Track and five along Yamuna Expressway.
9. Kanpur में Fertilizer Plant शीघ्र ही उत्पादन आरम्भ करने जा रहा है।
10. Greater Noida में एक Hotel व एक Hotel Agra में operation में हैं।
11. Formula-1 Race Circuit बन चुका है और पहली रेस अक्तूबर 2011 में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई।
12. Noida में 500 Beds का Super Specialty Hospital बन रहा है जोकि इसी वर्ष के अन्त तक operation में आ जायेगा।

### 15. छत्तीसगढ़

2008 में Bhillai Cement Plant लगाया व Cement का उत्पादन हो रहा है।

### 16. झारखंड

1. 1967 में Daltonganj में Railway का कार्य किया।
2. 2010 में Bokaro Cement Plant लगाया व Cement का उत्पादन हो रहा है।

### 17. अरूणाचल प्रदेश

1. Lower Siang, 2700 MW निजी क्षेत्र के Hydropower Project पर कार्य कर रहे हैं। DPR तैयार हो गई है। Clearances की प्रक्रिया में कार्यरत हैं।
2. Hirong, 500 MW निजी क्षेत्र के Hydropower Project की clearances की प्रक्रिया में कार्यरत हैं।

### 18. मेघालय

1. Kynshi Stage-II, 450 MW निजी क्षेत्र के Hydropower Project की clearances की प्रक्रिया में कार्यरत हैं।
2. Umngot Stage-I, 270 MW निजी क्षेत्र के Hydropower Project की clearances की प्रक्रिया में कार्यरत हैं।

### ईराक

1980 में Baghdad व Basrah में तीन बड़े Sewage Project बनाये

### भूटान

1. Tala Hydroelectric Power Project, 1000 MW का Powerhouse पूरा किया। बिजली का उत्पादन हो रहा है।
2. Punatsanchhu-II, 990 MW Hydropower Project के Dam व Powerhouse कार्य अभी मिले हैं व कार्य प्रगति पर है।

JAYPEE GROUP

Construction
Power
Cement
Hospitality
Real Estate
Fertilizer
Buddh International Circuit

NO DREAM TOO BIG

www.jalindia.com